क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये नई उड़ान शेड्यूल

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **मध्य प्रदेश सरकार ने** क्षेत्रीय पर्यटन **को बढ़ावा देने के लिये हवाई सेवा मार्गों का विस्तार किया और** PM श्री पर्यटन हवाई सेवा के लिये नई उड़ान शेड्यूल की घोषणा की।

मुख्य बिंदु

- **इस योजना का उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना और हवाई संपर्क में सुधार करना है। इस योजना की शुरुआत 1 अगस्त, 2024 से होगी।**
  - यह सेवा अब खजुराहो **को भोपाल, ग्वालियर, रीवा और सिंगरौली से जोड़ने वाले क्लस्टर** मार्गों को शामिल करेगी।
  - **भोपाल और जबलपुर** से उज्जैन के लिये उड़ानें रविवार को होंगी, जबकि खजुराहो के लिये सेवाएँ बुधवार, गुरुवार एवं शनिवार को संचालित होंगी।
  - **राज्य को पाँच क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है-** ग्वालियर और चंबल, बघेलखंड क्षेत्र, बुंदेलखंड क्षेत्र, महाकौशल क्षेत्र, मालवा-निमाड़ क्षेत्र एवं नर्मदापुरम।.
- मध्य प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार **भोपाल** में महत्त्वाकांक्षी **39वें** IATO (भारतीय टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन) वार्षिक सम्मेलन की मेज़बानी करने जा रही है।
- इस आयोजन में देश भर से टूर ऑपरेटरों, होटल व्यावसायियों और अन्य प्रमुख हितधारकों सहित **1000 से अधिक प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है, जिससे मध्य प्रदेश में घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा मिलने की संभावना है।**

PM श्री पर्यटन हवाई सेवा

- PM श्री पर्यटन हवाई सेवा का **उद्घाटन 13 जून, 2024** को किया गया।
- यह एक **अंतर-राज्यीय हवाई सेवा है जो मध्य प्रदेश के धार्मिक और पर्यटन स्थलों को जोड़ती है,** जिसका उद्देश्य घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिये कनेक्टिविटी में सुधार करना है।